Govt.of MadhyaPradesh

मध्य प्रदेश शासन

Office of the Field Director

Panna Tiger Reserve

Panna, Madhya Pradesh, (India)

Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120

E-mail: fdptr@rediffmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

Panna Tiger Reserve

पन्ना टाईगर रिजर्व

प्रेस नोट

रक्षक बने भक्षक

अत्यन्त दुख की बात है कि विगत 2 वर्षों में 03 वर्दीधारी वन कर्मियों के विरुद्ध शिकार से सम्बन्धित साक्ष्यों को मिटाने के सन्दर्भ में आपराधिक प्रकरणों में दण्डित करने के बावजूद भी आज दिनांक 08.04.2013 को यह प्रकाश में आया है कि सुन्दर लाल भाट वनपाल, परिक्षेत्र सहायक हरसा, परिक्षेत्र गंगऊ अभयारण्य के द्वारा जंगली कुत्तों के द्वारा शिकार किये गये नर चीतल के मांस को मौके से कुल्हाडी से काट कर निकाला व पका कर खाने की जुर्रत दिखाई। पन्ना टाईगर रिजर्व के मुखबिर तंत्र के तहत यह जानकारी उजागर होने पर श्री विक्रम सिंह परिहार उप सचालक के नेतृत्व में मौके पर जप्ती की कार्यवाही हुई, जिसमें पका हुआ चीतल का मांस, मौके पर कटा पड़ा चीतल, चीतल को काटने वाली कुल्हाड़ी, आदि सामग्री जप्त हुई। आरोपी को हिरासत में लिया गया। पी.ओ.आर. क्रमांक 316/12 दिनांक 8.4.2013 के तहत प्रकरण दर्ज किया जाकर आरोपी को न्यायालय के हिरासत में भेजा गया। जब तक रक्षक रक्षा का काम न निभाये, रक्षक स्वयं भक्षक बने, भक्षकों के इस प्रकार के कृत्यों से रक्षक रोक न पाये, तब तक पन्ना बाघ पुर्नस्थापना योजना का अस्तित्व स्थायी रहेगा, भविष्य ही बता पायेगा।

क्षेत्र संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना